# समृद्धि

**खेल-खेल में बचत, निवेश और निर्णय का मिला ज्ञान,**
**अब हम देंगे अपने बच्चों के सपनों को उड़ान।**

महिला एवं बाल विकास विभाग

साझा अभियान
बाल विवाह मुक्त राजस्थान

हौसला दें, सम्मान दें,
बच्चों को खुद की पहचान दें!

← शुरू करें।

**स्थिति 1**
आजकल बेटियों के लिए माहौल बहुत असुरक्षित है। ऐसे में आप बेटियों को कैसे समझाती हैं?

बच्चों के लिए बचत करें।

**स्थिति 2**
आप अपनी बेटी के भविष्य को उज्जवल एवं सुरक्षित करने के लिए क्या करती हैं?

किताबें
₹40

**स्थिति 3**
आपकी बेटी के जीवन के संदर्भ में कौन फैसला करता है?

आकस्मिक चुनौतियां

कौशल्य वर्धन
₹50

बच्चों के लिए बचत करें।

**स्थिति 4**
आप कर्ज़ (लोन) क्यों लेंगे?

2 कदम आगे बढ़ें।



छाया में आराम करें।

**स्थिति 5**
स्कूल या काम?

बालिका केन्द्रित योजनाओं का लाभ

**स्थिति 6**
आपके घर में भोजन कैसे करते हैं?

**स्थिति 7**
क्या आपकी बेटी ने कुछ नया सीखा है?

पुरस्कार एवं सम्मान

आकस्मिक चुनौतियां हो गईं।

बच्चों के लिए बचत करें।

**स्थिति 8**
आप अपनी बेटी की शादी कब करेंगे?

1 कदम पीछे आएं।



**स्थिति 9**
क्या आप अपनी बेटी को नियमित जांच के लिए स्वास्थ्य केन्द्र लेकर जाते हैं?

साइकिल
₹80

**स्थिति 10**
आप अपनी बेटी को उसके पैरों पर खड़ा होने के लिए कैसे मदद करेंगे?



स्थिति 1

आजकल बेटियों के लिए माहौल बहुत असुरक्षित है। ऐसे में आप बेटियों को कैसे समझाती हैं?

स्थिति 2

आप अपनी बेटी के भविष्य को उज्जवल एवं सुरक्षित करने के लिए क्या करती हैं?

स्थिति 3

आपकी बेटी के जीवन के संदर्भ में कौन फैसला करता है?

स्थिति 4

आप कर्ज़ (लोन) क्यों लेंगे?

स्थिति 5

स्कूल या काम?

हमारे घर में उसको खुलकर बोलने के लिए खुलापन है। मैं अपनी बेटी को उसके सपनों और अवसरों के साथ समझौता किए बिना सचेत, आत्मविश्वासपूर्ण, अवगत और जरूरत होने पर स्वयं को बचाने में सक्षम होने के लिए भी सिखाती हूं। हम सभी उसकी सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं।

2 कदम आगे बढ़ें।

मैं अपनी बेटी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में निवेश करती हूं, जो गांव से थोड़ा दूर है, लेकिन फिर भी मुझे कोई दिक्कत नहीं है क्योंकि इससे उसका भविष्य अच्छा होगा।

2 कदम आगे बढ़ें।

हम अपनी बेटी की राय को सम्मिलित करते हुए, उसके हित को ध्यान में रखते हुए, मिलकर निर्णय लेते हैं। मेरी बेटी के जीवन से लगे निर्णय में उसकी सहभागिता होती है।

2 कदम आगे बढ़ें।

मैं अपनी बेटी को कॉलेज की पढ़ाई पूरी करवाने और कौशल्य वर्धन के लिए कर्ज़ लूंगी।

2 कदम आगे बढ़ें।

मेरी बेटी नियमित रूप से स्कूल जाती है। उसकी पढ़ाई हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

2 कदम आगे बढ़ें।

स्थिति 1

आजकल बेटियों के लिए माहौल बहुत असुरक्षित है। ऐसे में आप बेटियों को कैसे समझाती हैं?

स्थिति 2

आप अपनी बेटी के भविष्य को उज्जवल एवं सुरक्षित करने के लिए क्या करती हैं?

स्थिति 3

आपकी बेटी के जीवन के संदर्भ में कौन फैसला करता है?

स्थिति 4

आप कर्ज़ (लोन) क्यों लेंगे?

स्थिति 5

स्कूल या काम?

मैं उसे सिखाती हूं कि वह किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित न करे, घर से बाहर के लोगों से कम सम्पर्क रखे और अकेले बाहर जाने से बचे। उसकी सुरक्षा उसके ही हाथों में है।

1 कदम पीछे आएं।

मैं गहने और कपड़े खरीदती हूं, क्योंकि मुझे नहीं लगता है कि मेरी बेटी की आगे की पढ़ाई पर खर्च करना जरूरी है।

1 कदम पीछे आएं।

हमारे घर में, हमारे पति ही निर्णय लेते हैं। हम उनके हर फैसले पर भरोसा करते हैं। हम दुनिया के तरीकों के बारे में कुछ नहीं जानते हैं, क्योंकि हम ज्यादातर समय घर में ही रहते हैं।

1 कदम पीछे आएं।

मैं बेटी की शादी के खर्च व दहेज के लिए कर्ज़ लूंगी।

1 कदम पीछे आएं।

यूं तो मेरी बेटी स्कूल में दाखिल है, लेकिन जब-जब जरूरत पड़ती है, जैसे कि छोटे भाई-बहन की देखभाल के लिए, घर या खेत के काम में हाथ बटाने के लिए, स्कूल छूट जाता है।

1 कदम पीछे आएं।

स्थिति 6

आपके घर में भोजन कैसे करते हैं?

स्थिति 7

क्या आपकी बेटी ने कुछ नया सीखा है?

स्थिति 8

आप अपनी बेटी की शादी कब करेंगे?

स्थिति 9

क्या आप अपनी बेटी को स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाते हैं?

स्थिति 10

आप अपनी बेटी को उसके पैरों पर खड़ा होने के लिए कैसे मदद करेंगे?

हमारे परिवार में हम साथ मिलकर भोजन करते हैं।

2 कदम आगे बढ़ें।

मेरी बेटी ने नया कौशल जैसे कि हस्तशिल्प, टोकरी बुनाई, अचार बनाना, मोबाइल रिपेयर, कम्प्यूटर, आदि सीखा है। इन कौशलों के द्वारा उसका आत्मविश्वास बढ़ा है और यदि वह चाहे तो भविष्य में पैसे भी कमा सकती है।

2 कदम आगे बढ़ें।

मैं अपनी बेटी की शादी कम से कम 18 साल की उम्र पूरे होने के बाद ही करवाऊंगी, जब वह शारीरिक और मानसिक रूप से विकसित हो जाएगी तब। ताकि उसका भविष्य उज्जवल बनें।

2 कदम आगे बढ़ें।

मैं अपनी बेटी को जांच के लिए स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाती हूं। हम आंगनवाड़ी दीदी और आशा/ए.एन.एम. दीदी की सलाह लेकर उसे आई.एफ.ए. की गोली भी खिलाते हैं।

2 कदम आगे बढ़ें।

मैं यह सुनिश्चित करूंगी कि वह अपनी पढ़ाई जारी रखे और यदि उसे किसी काम को सीखने में रूचि होगी, तो मैं उसे सीखने के लिए प्रोत्साहित करने की कोशिश करूंगी, ताकि वह स्वयं पैसे कमा सके।

2 कदम आगे बढ़ें।

स्थिति 6

आपके घर में भोजन कैसे करते हैं?

स्थिति 7

क्या आपकी बेटी ने कुछ नया सीखा है?

स्थिति 8

आप अपनी बेटी की शादी कब करेंगे?

स्थिति 9

क्या आप अपनी बेटी को स्वास्थ्य केंद्र लेकर जाते हैं?

स्थिति 10

आप अपनी बेटी को उसके पैरों पर खड़ा होने के लिए कैसे मदद करेंगे?

महिलाएं और लड़कियां हमेशा पुरूषों के खाने के बाद बचा हुआ खाना ही खाती हैं। हमारे घर में भी मैं और मेरी बेटी पुरूषों के खाने के बाद बचा हुआ खाना ही खाती हैं।

1 कदम पीछे आएं।

मेरी बेटी के पास घर में बुहत काम रहता है, इसलिए उसके पास कोई नए कौशलों के बारे में सोचने का समय ही नहीं होता।

1 कदम पीछे आएं।

बेटियों की शादी जितनी जल्दी हो सके कर देनी चाहिए। यदि कुछ गलत हो जाता है, तो पूरे समाज के सामने परिवार का अपमान हो जाएगा।

1 कदम पीछे आएं।

मैं उसको जांच के लिए केवल तभी लेकर जाती हूं, जब उसे कोई गंभीर समस्या होती है, जैसे कि बुखार आदि।

1 कदम पीछे आएं।

लड़कियों को घर से बाहर काम नहीं करने चाहिए। उन्हें घर और बच्चों की देखभाल करनी चाहिए।

1 कदम पीछे आएं।

कौशल्य
वर्धन
₹50

साइकिल
₹80

किताबें
₹40

बालिका
केन्द्रित
योजनाओं
का लाभ

पुरस्कार
एवं
सम्मान